>

Title: Regarding construction of embankment to prevent land erosion caused by Sone River in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखंड) के कांडी प्रखंड के मोखापी से सुण्डीपुर, ग्राम जयनगरा, खरौंधा, गाडा, गाडाखुर्द, कसनत, तक कोयल नदी से एवं सुण्डीपुर से श्रीनगर, ग्राम नारायणपुर, बराडीह, वनकट, गाडाखुर्द, सनपुरा, नरवाड़ीह, कालागढ़ा, बलियारी, बुनियाद विगहा, सड़की, शिवरी डुमरसोता, श्रीनगर तक सोन नदी से कटाव बहुत तेजी से हो रहा है । लगभग 6 से 7 किलोमीटर तक यह कटाव हो रहा है । खेती योग्य सिंचित भूमि का कटाव हो रहा है । अब आवास भी कटना शुरू हो गया है । लोग पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं । विदित है कि सिंचित कृषि योग्य भूमि तथा मकानों को कटाव से बचाने के लिए यह आवश्यक हो गया है कि तटबंध का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाय ।

इस कार्य को गंगा फ्लड वाटर कंट्रोल कमीशन पटना की देखरेख में होना है और उन्हें ही इस कार्य के प्रस्ताव को स्वीकृत करना है । गंगा फ्लड वाटर कमीशन के पदाधिकारियों ने कुछ महीने पूर्व कटाव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया था एवं कार्यपालक पदाधिकारी लघु सिंचाई गढ़वा को कतिपय दिशा निर्देश दिया था । कार्यपालक अभियंता ने इन दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए समेकित प्रस्ताव गंगा फ्लड वाटर कमीशन को भेज दिया है ।

अतः माननीय मंत्री जल शक्ति से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य हेतु तटबंध निर्माण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाय ।